# युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति अधिक घातक, इसे रोकना जरूरी : राजेश गुप्ता



**नशे के विरूद्ध जागरुकता अभियान के तहत कार्यशाला को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने सम्बोधित किया।**

- **नशे की स्थिति एवं प्रकार, इसके दुष्प्रभाव तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया**
- **कलेक्टर की पहल पर जिले में नशा छोड़ने वालों के लिए ई-शपथ और ई-प्रमाण पत्र संबंधी नवाचर किया**
- **नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यशाला आयोजित**

**बीकानेर,** (कासं)। मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से चल रहे पखवाड़े के तहत मंगलवार को टीबी क्लीनिक सभागार में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि आज नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति अधिक घातक है। इसके प्रति जागरूक होने और दूसरों को प्रेरित करने की जरूरत है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमैन विजय खत्री ने कहा कि प्रशासन के साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं को इस मुहिम से जुड़ने की जरूरत है। इस जन आंदोलन बनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच बनाई जाए। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा इस दिशा में अनवरत कार्यवाही की जा रही है।

अभियान प्रभारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान केन्द्रीय कारागृह, स्कूलों और कॉलेजों, अस्पतालों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला कलेक्टर की पहल पर जिले में नशा छोड़ने वालों के लिए ई-शपथ और ई-प्रमाण पत्र संबंधी नवाचर किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि नशा मुक्ति से जुड़े विभिन्न विभाग नशा करने वालों के साथ नशे का व्यापार करने वालों तक भी पहुंचे। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नशे के दंश से बचा जा सकता है। इससे पहले क्षय रोग निवारण अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे की स्थिति एवं प्रकार, इनके दुष्प्रभाव तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया।

मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीगोपाल गोयल ने भी नशे से जुड़ा प्रस्तुतीकरण दिया। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने आभार जताया और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान नशे को ना कहें फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन दंतौर विकास सार्वजनिक पुण्यार्थ ट्रस्ट के रामकिशोर बिश्नोई ने किया।

कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेटे जुगल किशोर व्यास, सदस्य जन्मेजय व्यास, हाजरा बानो, सुनीता चौधरी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह सेंगर, किरण गौड़, डॉ. तनवीर मालावत, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा, डूंगर महाविद्यालय के डॉ. अन्नाराम शर्मा, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुरेंन्द्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद आचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

श्रीगंगानगर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 26 जून को चार साहिब जादे चेरिटेबल ट्रस्ट के नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के तत्वावधान में 'नशा नाश का दूसरा दूजा नाम, तन मन धन तीनों बेकाम' नशा मुक्ति जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। केन्द्रीय जेल अधीक्षक डॉ अभिषेक शर्मा ने इसके पोस्टर का विमोचन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप बुट्टर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नशे के गर्त में फंसे युवाओं को इस से बाहर निकालना है। इस आयोजन से एक भी युवा नशा छोड़ता है तो यही हमारे आयोजन की सार्थकता होगी। कार्यक्रम संयोजक सुमेश शर्मा ने बताया कि इसके तहत 26 जून को नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। जिसमे प्रबुद्ध लोगों और युवाओं से हस्ताक्षर करवा कर शपथ दिलाई जायेगी। युवाओं के लिए नशा मुक्ति संगोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा। पोस्टर विमोचन में जेल अधीक्षक डॉ अभिषेक शर्मा, कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुमेश शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप बुट्टर, पवन छिपा व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विवाहिता ने तोड़ा दम

**बीकानेर,** (कासं)। विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता ने इस आशय की रिपोर्ट पुलिस थाने में दी है।

रिपोर्ट में हेमेरां गांव निवासी प्रहलादराम जाट पुत्र नारायण राम ने बताया कि उसकी बेटी संतोष का विवाह 15 साल पहले कितासर गांव निवासी परमेश्वर जाट पुत्र आदुराम जाट के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि उसका पति शराब के नशे में उसको मारता-पीटता था तथा सास भंवरी देवी व ससुर आदुराम उसे गालियां निकालते तथा उसके साथ मारपीट करते थे। आरोपी दहेज के लिए उसके साथ मारपीट कर उसे तंग व परेशान करते हुए दहेज की मांग कर रहे थे।

आरोप है कि संतोष के साथ 20 जून को उसके पति ने मारपीट की। संतोष ने फोन पर उसको इसकी सूचना देते हुए आरोपियों द्वारा जान से मार देने की बात कही। बेटी ने पिता से ससुराल आकर उसको वहां से ले जाने की गुहार भी लगाई। आरोप है कि 21 जून को आरोपियों ने संतोष को जहर पिला दिया। जिसके चलते वह बेहोश हो गई। जेठ ने उसको अस्पताल में भर्ती करवाया। उसका पति नशे के हालत में अस्पताल आया। आरोप है कि तीन दिन इलाज के बाद विवाहिता ने दम तोड़ दिया। पीड़िता पिता ने बेटी के हत्यारों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं सत्तासर गांव की रोही स्थित खेत में 38 वर्षीय श्रवण सिंह पुत्र सुगन सिंह राजपूत ने फांसी का फंदा बनाकर उस झूल गया। बताया जा रहा है कि युवक ने एक दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा दिया था। उसके बाद वह हमेशा तनाव में रहता था।

## सार-समाचार

### मजदूरों का 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा


**सर्व कामगार सेवा संघ ने बीकानेर कलेक्टर के नाम मजदूरों का 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा।**

**बीकानेर,** (कासं)। सर्व कामगार सेवा संघ ने प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर संयुक्त श्रम आयुक्त बीकानेर को निर्माण श्रमिकों की राज्यव्यापी समस्याओं का 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष ने मांग पत्र में बताया कि अतिशीघ्र रिक्त पदों पर श्रम निरीक्षकों की नियुक्ति की जाये, योजना व पंजीयन में अपील की समय सीमा बढाई जाये, आवेदनों का ऑटो रिजेक्ट सिस्टम बंद किया जाये, विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों की सही व पूर्ण जांच की जाये, शुभ शक्ति योजना को पुनः शुरू किया जाए। प्रसुति योजना का भुगतान पुनः एक मुश्त शुरू किया जाए, शिक्षा एवं कौशल विकास का भुगतान समय पर किया जाए, घायल व मृत्यु सहायता का भुगतान तुंरत किया जाये, सुलभ आवास योजना को भी गति प्रदान की जाए, अधिसूचना 2015-2019 के लिए लेबर ट्रेड यूनियनों को पाबंद किया जाए, रिन्युअल में नियोजक जानकारी अपलोड करने का सिस्टम शुरू किया जाए, शिक्षा व कौशल विकास में पूरक उत्तीर्ण विद्यार्थी को भी शामिल किया जाये। जिलाध्यक्ष धन्नादास ने बताया कि सिलिकोसिस पीड़ित व्यक्ति का आवेदन पहले की भांति श्रम पोर्टल पर शुरू किया जाए, ई मित्र पर पोर्टल के आवेदित सभी पेज ओपन करने का सिस्टम शुरू किया जाए, नियोजक की आई डी पर ओटीपी सिस्टम शुरू किया जाये। उपस्थित जिला व प्रदेश कार्यकारिणी ने कहा कि मजदूरों के लिए संघ संघर्ष के हर द्वार को खटगटायेगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आर. एस. हर्ष, सुभाष पुरोहित, जितेन्द्र सुथार, चन्द्र प्रकाश स्वामी, अशोक प्रजापत, राजू गहलोत, भवानी शंकर नायक, जगदीश शर्मा, उम्मेदसिंह भाटी उपस्थित थे।

### नर्सरी में पौध वितरण कार्य शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। वन विभाग की ओर से टीओएफआर योजना के तहत वर्ष 2024-25 में वितरण हेतु तैयार किये गये पौधों के वितरण का कार्य वन विभाग की पौधशालाओं में 25 जून से आरम्भ कर दिया गया है। उपवन संरक्षक दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि वन मंडल श्रीगंगानगर की 21 पौधशालाओं में 9.50 लाख पौधे राजकीय विभागों, आमजन और निजी संस्थाओं के वितरण हेतु तैयार किये गये हैं। इन पौधशालाओं में नीम, खेजड़ी, बबूल, अमलतास, जामुन, बकायन, हारश्रृंगार, गुलाब, गूलर, चांदनी, अमरूद, शीशम, शहतूत, गुलमोहर, पपीता, मोलसरी, अनार, बेलपत्र, इमली, बेर, अंजीर, लसोड़ा, अंगूर, नींबू आदि के पौधे तैयार किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति वन विभाग की पौधशालाओं से पौधे निर्धारित दरों पर प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा पौध खरीद के लिये वन विभाग के पोर्टल एफएमडीएसएस पर भी बुकिंग करवाई जा सकती है। बुकिंग के दौरान ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था की गई है। साथ ही उक्त पोर्टल पर नजदीकी नर्सरियों में किन-किन प्रजाति के कितने पौधे उपलब्ध हैं की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक पौधशाला का क्यूआर कोड जनरेट किया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से स्केन कर पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# लम्बे समय बाद छह अस्पतालों को मिलेंगे स्थाई अधीक्षक

- **मेडिकल कॉलेज से संबद्ध छह अस्पतालों के लिए स्थाई अधीक्षक के लिए 30 जून तक आवेदन मांगे**

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग का सबसे बड़ा पीबीएम अस्पताल लम्बे समय से कार्यवाहक अधीक्षकों के भरोसे ही चल रहा है। गौर करें तो डॉ. विनोद बिहाणी एवं डॉ. पी.के. बैरवाल के बाद यहां पर अस्थाई अधीक्षकों ने ही अधीक्षक पद का कार्यभार संभाला। अब सरकार ने स्थाई अधीक्षक लगाने का फैसला किया है।

इसलिए 30 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। यह पहला मौका है जब मेडिकल कॉलेज से संबद्ध छह अस्पतालों के लिए स्थाई अधीक्षक नियुक्त किए जायेंगे। बहरहाल चिकित्सकों ने आवेदन भरने प्रारंभ कर दिए हैं। पीबीएम में डॉ. विनोद बिहाणी एवं डॉ. पी.के. बैरवाल ही स्थाई अधीक्षक की कुर्सी पर काबिज रहे। डॉ. बिहाणी 30 मार्च 2007 से 31 मई 2011 तक स्थाई अधीक्षक रहे। इसके अलावा डॉ. पी.के. बैरवाल 20 जुलाई 2016 से 7 अप्रेल 2020 तक स्थाई अधीक्षक रहे। डॉ. बैरवाल को हटाकर डॉ. मोहम्मद सलीम को कार्यवाहक अधीक्षक का पदभार दिया गया था। इस समय कोविड लहर के चलते डॉ. सलीम को कार्यभार सौंपा गया था। सात माह तक डॉ. सलीम के अधीक्षक बने रहने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज का अस्थाई प्राचार्य बना दिया गया।

डॉ. बिहाणी एवं डॉ. बैरवाल के स्थाई अधीक्षक रहने के अलावा 9 चिकित्सक अस्थाई अधीक्षक के रूप में कामकाज देख चुके हैं। इसमें डॉ. ओ.पी.श्रीवास्तव, डॉ. सतीश कच्छावा, डॉ. वीर बहादुरसिंह, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. सीताराम गोठवाल, डॉ. जीएल मीणा, डॉ. मोहम्मद सलीम तथा डॉ. परमिन्द्र सिरोही शामिल हैं। डॉ. पी.के. सैनी इस समय भी कार्यवाहक अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. सीताराम गोठवाल का सबसे कम पांच माह का कार्यकाल रहा। डॉ. गोठवाल एक जुलाई 2015 से 21 दिसंबर 2015 तक अधीक्षक रहे। इसी तरह डॉ. सलीम आठ माह तक अधीक्षक रहे। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध छह अस्पतालों के लिए स्थाई अधीक्षक के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसमें पीबीएम अस्पताल मर्दाना, जनाना, क्षय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, गंगाशहर अस्पताल तथा एसएसबी शामिल हैं।

## नहर में बहकर आया शव

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में जहां इन्दिरा गांधी नहर में पानी के साथ बहकर शव आया है। वहीं करंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

बीकानेर में महाजन कस्बे के बीच से होकर गुजरने वाली इंदिरा गांधी नहर की कंवरसेन लिफ्ट नहर में एक जने का शव पानी के साथ बहकर आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पानी में रहने की वजह से शव की चमड़ी गल चुकी है।

वहीं सादुलपुर के हमीरवास पुलिस थानान्तर्गत करंट लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। इन्द्रपुरा निवासी जागेराम जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट के मुताबिक उसके चाचा हवा सिंह पुत्र चंदगीराम लघुशंका के चलते घर से बाहर निकले थे। घर के नजदीक ही बिजली के खम्भे के पास वे लघुशंका से निवृत हो रहे थे। इसी दौरान खम्भे के पास तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गए।

# पेंशन लाभार्थियों को मिलेगी बढ़ी हुई राशि

- **एक अप्रैल से 1000 की जगह 1150 रूपये प्रति पेंशनर को मिलेंगे**

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 27 जून को झुंझुनूं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। जिले के लाभार्थी रविन्द्र रंगमंच से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार ने बताया कि इसके लिए प्रातः 11.30 बजे से रविन्द्र रंगमंच पर कार्यक्रम होगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को आमंत्रित करने, बैठक, फूड पैकेट, पेयजल, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, कार्यक्रम स्थल पर वीडियो वॉल लगाने, प्रचार प्रसार, साफ-सफाई, मेडिकल टीम और कानून व्यवस्था सहित सभी कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बताया कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू कार्यक्रम के ओवरऑल प्रभारी होंगे तथा सभी तैयारियां को बुधवार को अंतिम रूप दिया जायेगा।

संयुक्त निदेशक पंवार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1038.55 करोड़ रूपए की डीबीटी की जायेगी। इसमें जिले के 2.20 लाख लाभार्थी सम्मिलित हैं, जिनके खातों में 25.36 करोड़ रुपए बीडीटी किए जाएंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 1 अप्रैल से 1150 रुपए बढ़ी हुई पेंशन मिलेगी।

**भूमि आवंटित कराने की मांग :** बीकानेर में अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस ने राज्य सरकार के सफाई कर्मचारी आयोग के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण कराने की मांग की हैं। तदुपरांत आयोग कार्यालय अपने निजी भवन में संचालित हो सके।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मिन अभिभाष्या श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी स्व. श्री ब्रजमोहन सिंह निवासी गली नम्बर 17 रामपुरा बस्ती, लालगढ़, बीकानेर के पुत्र विरेन्द्र रावत एवं पुत्रवधु पूजा का व्यवहार मेरी अभिभाष्या के प्रति अच्छा नहीं रहा है तथा अपनी मनमर्जी करते हैं कहने सुनने में नहीं है और पृथक रहते हैं। इसलिए मेरी अभिभाष्या अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है। उक्त दोनों का मिन अभिभाष्या व उसके परिवार से कोई संबंध सरोकार नहीं है भविष्य में इन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार वाद विवाद से कोई लेना देनानहीं होगा, उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मिन अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
जयपुर (अश्वनी कुमार मीणा) एडवोकेट
दिनांक-25.06.202 मो.नं. 9413965938

**रावतभाटा राजस्थान साईट, एन.पी.सी.आई.एल.**
**ईओआई आमंत्रण संख्या, आरआरसाईट/सीएमआर/2023-24/01**
एन.पी.सी.आई.एल. आरआर साईट दो साल की अवधि के लिए सी.एस.आर. के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ई.ओ.आई. आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 1,63,22,460/- (एक करोड तिरेसठ लाख बाईस हजार चार सौ साठ मात्र) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छुक पक्ष www.npcil.nic.in से दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है। या अधोहस्ताक्षरी से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सते है। प्रस्ताव 17.07.2024 को 11 बजे तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
संबंधित व्यक्ति- प्रवीण कुल्हरी, प्रोजेक्ट प्रभारी, आरआर साइट।
ईमेल pkulhari@npcil.co.in मोबाइल 9412768253
CBC 48132/12/0007/2425

# धारदार हथियारों के हमले में घायल

- **बर्छी व सरियों के साथ मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप**

**बीकानेर,** (कासं)। सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक जने को बीच सड़क पर रूकवाकर उस पर बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको तुरंत पीबीएम के ट्रोमा सेन्टर ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पीड़ित ने पांच युवकों समेत दो महिलाओं को नामजद किया है।

सदर थाना पुलिस के मुताबिक हमले में हुए घायल सुभाषपुरा निवासी मोहम्मद रसीद उर्फ लाला पुत्र उस्मान गनी है। पुलिस के मुताबिक हमले में घायल मोहम्मद रसीद उर्फ लाला ने पर्चा बयान दिया है कि वह दोपहर को किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि भुट्टों का बास की गली में उस्मान खां की पत्नी काली ने हाथ से इशारा कर उसको रूकने के लिए बोला और पूछा कि कहां जा रहे है। इसी के साथ काली ने पहले से वहां खड़े लड़कों से कहा कि इसको जिंदा मत जाने देना। आरोप है कि उसके कहने के साथ ही आरोपी धनु पुत्र उस्मान खां, हाजी पुत्र उस्मान खां, छोटू पुत्र उस्मान खां, नजमा, राजू, ममदे खां व खुद काली ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने उसके साथ बर्छी व सरियों से मारपीट कर उसका मोबाइल छीन लिया।

## पत्रावली दफ्तर दाखिल

**बीकानेर,** (कासं)। ग्राम पंचायत सोमलसर के पूर्व सरपंच रावताराम मेघवाल के विरूद्ध अकाल राहत कार्यों एवं अन्य योजनाओं में अनियमितता के प्रकरण की जांच के बाद समाप्त कर पत्रावली को दाखिल दफ्तर कर दिया गया है।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बताया कि प्रकरण की जांच जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की गई। जांच अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि रावताराम मेघवाल की मृत्यु होने के जांच किया जाना संभव नहीं है। सिंघवी ने बताया कि प्राप्त जांच रिपोर्ट के अवलोकन एवं परीक्षण के उपरांत ग्राम पंचायत सोमलसर के पूर्व सरपंच रावताराम मेघवाल के विरूद्ध विचाराधीन प्रकरण को समाप्त किया जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर करने के निर्देश दिए।

# पेयजल वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने में जुटा जलदाय विभाग

**बीकानेर,** (कासं)। भीषण गर्मी में बेहतर जल प्रबंधन और भविष्य के लिए जल भंडारण एवं वितरण के संसाधनों में वृद्धि किसी भी सरकार के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

इस दिशा में किये गए प्रयासों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आते हैं। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किये गए कार्य करोड़ों प्रदेशवासियों के लिए राहत भरे रहे। वहीं बीकानेर जिले में भी जलदाय विभाग द्वारा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य किए गए। अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने से लेकर भविष्य के मद्देनजर किए जाने वाले कार्यों को गति दी गई।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पिछले छह महीनों में पुर्नगठित शहरी जल योजना के तहत पिछले 4 उच्च जलाशय, 3 स्वच्छ जलाशय और 60 किलोमीटर एचडीपीई पाइपलाइन बिछाई गई। दस किलोमीटर डीआई पाइपलाइन कार्य गत छह माह में किया गया है। इस पर 52.55 करोड़ रुपये व्यय किए गए। जल जीवन मिशन के तहत जिले में पिछले छह महीनों में 5 हजार 633 कनेक्शन जारी किए गए। जल जीवन मिशन के तहत इस दौरान विभिन्न योजनाओं में 51.85 किमी डीई पाइपलाइन तथा 183 किमी एचडीपीई पाइपलाइन बिछाई गई।

वहीं जेजेएम के तहत ही इस दौरान 40 उच्च जलाशय, 9 आरडब्लयूआर एवं 2 आरजीएफ का कार्य पूर्ण किया गया। इन सभी कार्यों पर 17.42 करोड़ रूपये के कार्य करवाए गए हैं। जिले में गत छह माह में 20 नए नलकूप और 24 हैण्डपम्प निर्माण किए गए।

भीषण गर्मी को देखते हुए समर कंटीजेंसी प्लान के तहत स्वीकृत 23 और कैनाल कंटीजेंसी के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 18, वहीं शहरी क्षेत्र के 6 कार्य पूर्ण कर दिए गए हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार गर्मी के दौरान पेयजल वितरण को लेकर विशेष सतर्कता रखी गई, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email- SECYUTT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Office Address :- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3673 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक 24.6.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री विजय सिंह निवासी मकान नं. 35, 2 के, मिर्जेवाला, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 10 जैड मुरब्बा सं. 7 किला सं. 7, 14 माप 30 इंटू 50 फीट भूखण्ड संख्या बी-16, ग्रीन लैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 8113 दिनांक 27.4.2018 को श्रीमती पूजा सिंगल पत्नी श्री मुकेश सिंगल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती इन्द्रा देवी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 18.12.2023 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड के नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री विजय सिंह निवासी मकान नं. 35, 2 के, मिर्जेवाला, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# विजेताओं को दिए नकद पुरस्कार, नन्हें शातिरों को मिले चैस बोर्ड



**स्व. कुशाल चंद व्यास स्मृति प्रथम जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।**

- **व्यास स्मृति जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न**

**बीकानेर,** (कासं)। स्व. कुशाल चंद व्यास स्मृति प्रथम जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आज संपन्न हुई। बेसिक पीजी महाविद्यालय में आयोजित समापन समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा, अपर जिला न्यायाधीश जयपुर डॉ. मनोज जोशी, एडवोकेट एस.एल. हर्ष तथा प्रेमरतन व्यास बतौर अतिथि मौजूद थे।

अतिथियों ने इस आयोजन को शहरी क्षेत्र के शातिरों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि आने वाले समय में ये शातिर बीकानेर का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्व. कुशाल चंद व्यास की स्मृति में ऐसे आयोजन समय-समय पर किए जाएं। आयोजन प्रभारी राम व्यास ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने आयोजकों का आभार जताया। आयोजन से जुड़े शिवकुमार व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता सीनियर जूनियर और महिला वर्ग में आयोजित हुई। सीनियर वर्ग में शेर सिंह चौहान 7 अंकों के साथ प्रथम, कपिल पवार और बजरंग लाल प्रजापत 5.5 अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय और तृतीय तथा नगेंद्र राठौड़ और मनोज जोशी पांच अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

बालिका वर्ग में अनन्या सांखला ने 6.5 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। अन्वेषा व्यास छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं युक्ति हर्ष, तोषिका जोशी और याशिका चौधरी ने 5.5 अंक हासिल करते हुए प्रोग्रेसिव गणना के आधार पर क्रमशः तीसरा चौथा और पांचवा स्थान प्राप्त किया।

वहीं जूनियर वर्ग में हर्षवर्धन पडिहार और विभोर चौपड़ा ने 6.5 अंक हासिल किए। प्रोग्रेसिव गणना के आधार पर पडि़हार ने पहला तथा चोपड़ा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं होमिल मदान, रविकांत मारू तथा पुंज प्रथम शर्मा ने 6 अंक प्राप्त किए।

## किश्तें वसूल कर लगाई चपत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। फाइनेंस कंपनी की किश्तें एकत्रित कर गबन करने के आरोप में जंक्शन थाने में कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

राजेश कुमार पुत्र मदनलाल शर्मा निवासी वार्ड 15, भज कॉलोनी, जंक्शन ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत रजिस्टर्ड कम्पनी है, जिसका वह शाखा प्रभारी है। आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त यह कंपनी ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं आमजन को ऋण उपलब्ध करने का कार्य करती है। कम्पनी की शाखा जंक्शन के हाउसिंग बोर्ड में है। इसमें पदस्थापित कर्मचारी बलजीत सिंह पुत्र टीका सिंह निवासी वार्ड 19, 5 एआरडब्लयू ए, तलवाड़ा झील ग्राहकों को ऋण देने से संबंधित सत्यापन कार्य एवं ऋण की किश्तों की वसूली का कार्य करता था। सत्यापन में यह सामने आया कि बलजीत सिंह ने विभिन्न 16 ग्राहकों से किश्तों की 88233 रुपए की राशि वसूल कर कम्पनी के बैंक खाते में जमा करने की बजाए गबन कर लिया।

**राजस्थान आवासन मण्डल**
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**
क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/178 दिनांक :- 24/5/2023
**आम सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की नीलामी योजना -2005 में श्री सफदर खां पुत्र श्री हसनुदीन खां ने दुकान आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को दुकान सं.3/17 पवनपुरी नगर, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 13.50 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 769 दिनांक 30.6.2005 को जारी किया गया था। मूल आवंटी के पक्ष में उक्त दुकान उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 22.5.2007 को पंजीकृत है। तत्पश्चात श्री सफदर खां पुत्र श्री हसनुदीन खां ने उक्त दुकान का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि श्री सत्यनारायण उपाध्याय के नाम किया गया। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 20.7.2012 से पंजीकृत हैं।
श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि श्री सत्यनारायण उपाध्याय ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित प्रति निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि श्री सत्यनारायण उपाध्याय का नाम मण्उल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम द र्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि श्री सत्यनारायण उपाध्याय का नाम मण्डल रिकार्डमें दर्ज कर लिया जाएगा।यदि उक्त दुकान में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।
**सहायक आवासन अधिकारी**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
**वृत्त बीकानेर**

# भाजपाईयों ने आपातकाल की 49 वीं बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर संभाग मुख्यालय पर आज आपातकाल की 49 वीं बरसी को भाजपाईयों ने काला दिवस के रूप में मनाया।

इस अवसर पर शहर जिला उपाध्यक्ष गोकुल जोशी की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री काशीराम गोदारा मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर आपातकाल के संघर्ष के सिपाही जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से आपातकाल का विरोध किया और उस समय की तानाशाह कांग्रेस सरकार का डटकर मुकाबला करने वाले रिखाबदास बोड़ा व मुमताज अली भाटी का सम्मान किया गया।



बीकानेर भाजपा संभाग कार्यालय में आपातकाल की बरसी पर आयोजित संगोष्ठी को भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री काशीराम गोदारा ने सम्बोधित किया।

मुख्य वक्ता काशीराम गोदारा ने बताया 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था। आज आपातकाल की 49 वीं वर्षगांठ हैं। इसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतंत्र का काला दिन करार दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी महान पुरूषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। आपातकाल का काला दिवस हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को रौंदा, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है।

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल खाना बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले हर व्यक्ति को प्रताड़ित किया गया। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाया गया और सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गई। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का कोई अधिकार नहीं है।

महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लम्बा इतिहास रहा है। 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों,

- **21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे**

समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करती हूं।

आज की संगोष्ठी में पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि शर्मा, उप महापौर राजेंद्र पंवार, महामंत्री मोहन सुराना, श्यामसुंदर चौधरी, श्यामसुंदर पंचारिया, उपाध्यक्ष आनंद सिंह भाटी, हनुमान सिंह चावड़ा, जितेंद्र राजवी, मंत्री भारती अरोड़ा, महेश व्यास, जगदीश सोलंकी, कौशल शर्मा, कुणाल कोचर, महावीर चारण, कुमनाथ सिंद्ध, रमजान अब्बासी, चंद्र मोहन जोशी, भंवर जांगिड, सोहनलाल चांवरिया, विक्रम भाटी, वेद व्यास, जसराज सिंवर, देवीलाल मेघवाल, कमल आचार्य, नरसिंह सेवग, विनोद करोल, मुकेश ओझा, चंद्रप्रकाश गहलोत, सुधा आचार्य, राधा खत्री, अनिल हर्ष, धर्मेन्द्र सिंह, उमाशंकर सोलंकी, अशोक राजपुरोहित, चतर सिंह, अनूप गहलोत, कमल सैन, राजेश गहलोत, राजकुमार व्यास उपस्थित थे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**बीकानेर,** (कासं)। नापासर पुलिस थानान्तर्गत रेलवे ट्रैक पर एक जने का शव मिला है। बीती रात को सींथल गांव के नजदीक इस युवक का सिर व धड़ अलग हो गए।

पुलिस को देर रात को सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र 24 साल की है। जो कि ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना वीभत्स था कि युवक का सिर व धड़ अलग हो गए। पुलिस के मुताबिक मृतक ने कानों में बालियां पहन रखी है। मेहंदी कलर का लॉवर तथा धारीदार टी-शर्ट पहन रखी है। चूंकि मामला जीआरपी क्षेत्र का है। ऐसे में शव को पुलिस ने जीआरपी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है।

24-नलकूप चालू करते समय करंट लगने से किसान की मौत

वहीं हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र के चक 11 एमडी में खेत में नलकूप चालू करते समय करंट लगने से किसान की मौत हो गई। इस संबंध में टाउन थाने में मर्ग दर्ज कराई गई। राजेश कुमार पुत्र प्रेमकुमार जाट निवासी चौधरी चेतराम वाला चक 15 एसपीएम ने पुलिस को बताया कि उसका भाई रणजीत (42) चक 11 एमडी में प्रशान्त गोदारा पुत्र राजेन्द्र गोदारा के खेत में कृषि कार्य के लिए गया था। रणजीत फसल में पानी लगाने के लिए नलकूप को चालू करने लगा तो करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-समाचार

### ई-ग्राम परियोजना का प्रशिक्षण


पंचायत समिति अनूपगढ़ में मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना का प्रशिक्षण सरीना ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ने दिया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार अनूपगढ़ में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक रणजीत सिंह ने ग्राम से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत सृजित परिसम्पत्तियों एवं प्रदत्त सेवाओं के सत्यापन हेतु एक प्रबंधक प्रणाली मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना की जानकारी दी। ई-ग्राम का प्रशिक्षण सरीना ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा दिया गया, जिसमें प्रत्येक गांव तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति और जनता के द्वारा उनके उपयोग को मॉनिटर करने के लिए ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गई। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त प्रशिक्षणार्थियों, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, शिक्षक, कृषि पर्यवेक्षक, एएनएम को संबधित 12 विभागों के फील्ड लेवल के कार्मिक से समन्वय कर सूचना संकलन करके ई-ग्राम प्रपत्र-1 में सही सूचना को भरकर संबंधित पंचायत प्रभारी को जमा करवाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में रणजीत सिंह मीणा संयुक्त निदेशक, पीएमयू आयोजना विभाग जयपुर, अजीत गोदरा उपखण्ड अधिकारी अनूपगढ, मोहनलाल उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीगंगानगर, अतिरिक्त विकास अधिकारी दलवीर सिंह, सांख्यिकी निरीक्षक राजवीर सिंह व श्रीमती संतोष व कनिष्ठ सहायक मनदीप सिंह ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय से उपस्थित थे।

### सफेद दाग के 30 मरीजों की जांच


डॉ बी. सी. घीया ने विटिलिगो दिवस पर चर्म रोग विभाग में रोगियों की जांच कर दवा दी।

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व विटिलिगो दिवस पर पी.बी.एम चिकित्सालय के चर्म रोग विभाग में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सफेद दाग की भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मेडिकल विद्यार्थियों के लिये सेमिनार का आयोजन भी किया गया। शिविर में डॉ. बी.सी. घीया ने सफेद दाग के 30 मरीजों की जांच कर 3 मरीजों को विटिलिगो सर्जरी के लिए चिन्हित किया तथा 5 मरीजों को फोटोथैरेपी उपचार के लिए बुलाया। शेष मरीजों की जांच करवाकर दवाई दी गई। डॉ घीया ने कहा कि भविष्य में भी चर्म रोग के प्रति जागरूकता के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिससे मरीजों को उचित विशेषज्ञों से इलाज मिल सके। मरीज झोलाछाप डॉक्टर्स के चक्कर में ना पड़े। उन्होंने मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श के बिना स्टेराइडयुक्त दवाईयां नहीं लेने की सलाह देते हुए कहा कि इससे भंयकर साइड इफेक्ट होने का खतरा रहता है।

### शोधार्थियों को आर्थिक सहयोग देंगे

**बीकानेर,** (कासं)। सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट बीकानेर, प्रबंध मंडल की बैठक मंगलवार को राजकीय संग्रहालय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट के सचिव कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूट के सदस्य साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि मंगलवार को आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया आज की बैठक में इंस्टीट्यूट के सचिव राजेन्द्र जोशी, व्यंग्यकार-संपादक डॉ. अजय जोशी, प्रोफेसर नरसिंह बिन्नाणी, अब्दुल शकूर सिसोदिया एवं शिवकुमार सोनी ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए राजेन्द्र जोशी ने कहा कि सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट राजस्थानी में रिसर्च करने वाले शोधार्थियों को आर्थिक सहयोग देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि रिसर्च करने वाले विद्यार्थी इंस्टीट्यूट में उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर सकेंगे। जोशी ने कहा कि आगामी समय में राजस्थान भारती के अंक इच्छुक व्यक्तियों को उपलब्ध करवाने का भी निर्णेय लिया गया। उन्होंने बताया कि पहला कार्यक्रम प्रत्येक महीने के पहले आयोजित होगा जिसमें राजस्थानी के युवा कवि भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को 'समकालीन कविता के युवा स्वर' नाम दिया गया है तथा दूसरा कार्यक्रम हर महीने आयोजित होगा जिसका नाम दिया गया है 'मरुस्थल की कविता के स्वर'। बैठक में डॉ. अजय जोशी ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष तैस्सितोरी अवार्ड राजस्थानी के विद्वान साथियों को अर्पित किए जाते हैं।

# सरसों की सरकारी खरीद का भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। सरकार की ओर से किसानों को उनकी फसल का वास्तविक मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है, लेकिन सरकारी खरीद से संबंधित कार्मिकों की उदासीनता के चलते फसल बेचने के बाद उसका भुगतान नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं।

क्रय विक्रय सहकारी समिति की ओर से सरसों की खरीद की गई, लेकिन अभी तक किसानों को भुगतान नहीं मिला है। फसल तुलवाने के एक माह बाद भी भुगतान नहीं मिलने से किसान चक्कर लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 1 अप्रेल से सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद शुरू हुई थी। सरसों की अंतिम तुलाई 28 मई को हुई थी। अब तक कुल 36 हजार 563 बैग की खरीद हुई थी और एक बैग का वजन 50 किलो होता है। सरसों की समर्थन मूल्य 5650 रूपए प्रति क्विंटल था।

जानकारी के अनुसार अभी तक वेयर हाउस में सरसों के बैग नहीं पहुंचने के कारण किसानों का भुगतान अटकने की बात सामने आ रही है।

- **क्रय विक्रय सहकारी समिति की ओर से सरसों की खरीद की गई, लेकिन अभी तक किसानों को भुगतान नहीं मिला**

मुख्य व्यवस्थापक गौरव जैन ने बताया कि सरसों के 518 बैग अभी तक वेयर हाउस नहीं भेजे गए है।

एक तरफ जहां मुख्य व्यवस्थापक गौरव जैन 518 बैग वेयर हाउस में जमा नहीं होने की बात कह रहे हैं। वहीं राजफैड के क्षेत्रीय अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि 2193 बैग का वेयर हाउस रिसिप्ट उन्हें नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मुख्य व्यवस्थापक जैन ने शीघ्र ही डब्लयू आर जमा करवाने की बात कही है। गौरतलब है कि इस बार क्रय-विक्रय सहकारी समिति ने ठेकेदार के माध्यम से सरसों की सरकारी खरीद करवाई है।

सरकारी खरीद पर सरसों तुलवा चुके करीब 70 से अधिक किसानों को अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वेयर हाउस में माल पहुंचने के बाद डब्लयू आर जमा होने पर किसानों को भुगतान देने की प्रक्रिया शुरू होती है, लेकिन अभी तक कई किसानों का माल वेयर हाउस तक पहुंचा नहीं है और कई किसानों के माल की वेयर हाउस रिसिप्ट जमा नहीं हुई है। इस प्रक्रिया में देरी के चलते किसानों का भुगतान अटका हुआ है।

**श्रीगंगानगर।** जिले में राज्य सरकार खरीफ की बुवाई के लिए उन्नत बीज के मिनी किट वितरण कर रही है। लेकिन कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय तक बीज की आपूर्ति नहीं हो रही। इसको लेकर कृषि विभाग और कृषि पर्यवेक्षकों के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति जिला श्रीगंगानगर ने बीज मिनी किट अपने स्तर पर वित्तीय भार वहन करते हुए जिला मुख्यालय से गांवों तक ले जाने के कृषि विभाग के आदेश पर रोष जताया है।

## बिजली विभाग में तोड़फोड़, सात जनों पर केस

**बीकानेर,**(कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम के ऑफिस में हुई तोड़फोड़ व धक्का-मुक्की के मामले में पुलिस ने सात जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता धीरज बिश्नोई पुत्र रामस्वरूप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिजली विभाग की ओर से गांव गैरसर रोही में टयूबवैल पर बिजली कनेक्शन दिए हुए है। जिसमें बिजली वोल्टेज कम रहने के कारण क्षेत्र लोग कार्यालय में घुस आए और उन्होंने कर्मचारियों से मारपीट की तथा दरवाजों के शीशे तोड दिए व मारपीट की। बिजली की मांग को लेकर इन लोगों ने कर्मचारियों से मारपीट की। बाद में ऑफिस में रखे कंप्यूटर व अन्य सामान भी तोड़ दिए।

पुलिस ने एईएन की रिपोर्ट पर अमीर खां पुत्र अली शेर, भंवराराम मेघवाल, आसिफ अली, दुर्गाराम मेघवाल, चोरू पुत्र शेर मोहम्मद, रफीक व अब्दुल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह को सौंपी गई है।

# बीकानेर में बिजली व्यवस्था चौपट

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व मंत्री एवं लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे गोविंद राम मेघवाल ने बिजली विभाग में तोड़फोड़ के मामले को लेकर अधिकारियों से बातचीत की है।

साथ ही प्रदेश की भजनलाल सरकार पर बरसते हुए कहा है कि भाजपा सरकार अकर्मण्यता एवं कुशासन का पर्याय बन चुकी है। भारी बिजली कि कटौती के कारण आज बीकानेर में विद्युत कार्यालय सहायक अभियंता ग्रामीण जोधपुर डिस्काउंट में गेरसर गांव के ग्रामीणों ने बिजली समस्या के कारण ऑफिस गये। जहां पर ग्रामीणों ने अपनी उचित मांग कर्मचारी के सामने रखी और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि सरकार हमें उचित बिजली उपलब्ध नहीं करवा रही है। जिसके कारण बिजली की कटौती हो रही है। इससे गुस्साए ग्रामीण ने तोड़फोड़ की, इससे यह दर्शाता है कि सरकार नाकाम है और बीकानेर जिले की बिजली व्यवस्था एकदम चौपट हो गई है।

मेघवाल ने बताया कि उन्होंने बीकानेर के विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बात करके

- **बिजली विभाग में तोड़फोड़ मामले में गोविंदराम मेघवाल ने की अधिकारियों से बात**

कहा कि किसानों के अन्याय न करें और उनकी उचित कार्रवाई करें ताकि उनकी फसलें नष्ट नहीं हो और खेतों में किसानों की ट्यूबवैल की मोटर भी जल रही है। कम वोल्टेज के कारण और गांव में अवशोषित बिजली के कारण पेयजल की सप्लाई भी नहीं हो रही है। साथ ही गांवों के अन्दर आटा चक्की भी बंद पड़ी है जिसे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मेघवाल ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि आप अपनी मांग गांधीवादी तरीके से रखें। अपराधिक कदम नहीं उठाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द इस बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाये। यदि बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो जिले में एक बड़े आंदोलन की बिजली पानी को लेकर रूपरेखा तैयार की जायेगी।

# कर भुगतान अब यू.पी.आई, क्रेडिट कार्ड से भी

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश में जीएसटी करदाताओं के लिए भुगतान सुविधा बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण के तहत भुगतान के डिजिटल विकल्प दिए गए है।

वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपूर ने बताया कि राजस्थान में भी असम, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश की तर्ज पर करदाता यूपीआई, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से कर राशि का भुगतान कर सकेंगे।

हाल ही में राज्य कोषागार एवं जीएसटी पोर्टल के एकीकरण के तहत यह सुविधा करदाताओं को प्रदान की गई है। वर्तमान में वैट करदाताओं के लिए पहले से ही डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। अब जीएसटी करदाताओं के लिए भी सुविधा दी गई है। दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच की ओर से सीए दिवस के अवसर पर दस दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि सोमवार को आईसीएआई भवन में चिकित्सकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुशील फलोदिया ने कहा कि सीए दिवस पर कई तरह के कार्यक्रम करके सीए अपनी एकता का संदेश दे रहे हैं।

## लाखों रूपए व भूखंड हड़पने का मामला दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के लाखों रूपए व भूखंड हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर सात जनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवादी जयनारायण व्यास कॉलोनी निवासी लालचंद पुत्र तौरंग लाल ब्राह्मण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजय सिंह, राजेश जयपाल युद्धवीर सिंह, प्रशांत बेनीवाल, पवन यादव, कन्हैयालाल भाटी, जितेन्द्र बोथरा के खिलाफ 67,65,000 रूपए एवं 242 आवासीय भूखंड हड़पने का आरोप लगाया है।

# खुले नाले में जब्त किया खराब मावा डालने पर विवाद

**बीकानेर,** (कासं)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कल कमला कॉलोनी में की गई कार्यवाही में जब्त खराब मावे को स्वास्थ्य विभाग द्वारा खुले नाले में लोहे के पीपे सहित डाल दिया गया।

विभाग के अनुसार यह मावा उपयोग लायक नहीं था। हालांकि विभाग ने इस जब्त मावे को लेकर प्रेस मीडिया के माध्यम से खूब वाहवाही लूटने की कोशिश की गई। लेकिन विभाग द्वारा इस जब्त खराब मावे के निस्तारण में भयंकर लापरवाही बरती गई। मेडिकल विभाग के आधिकारिक ट्विटर पर साझा किए गए वीडियो में

- **महापौर सुशीला कंवर ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह को टैग कर अवगत कराया**

साफ तौर पे यह खराब मावा खुले नाले में फेंका जा रहा है।

महापौर सुशीला कंवर ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को टैग करते हुए इस गंभीर मामले में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी करने की अपील की है। महापौर ने लिखा है कि स्वास्थ्य विभाग से जब्त खराब मावे को इस तरह खुले नाले में फेंकने से न सिर्फ वायु प्रदूषण होगा बल्कि आगे मानसून के समय वर्षा जलभराव की स्थितियां भी उत्पन्न होंगी। महापौर ने बताया कि इस संबंध में सीएमएचओ से फोन पर बात की गई है। पहले भी हजारों लीटर पाम ऑयल जब्त किया था। उसे भी इसी तरह नाले में डाल दिया गया था। खराब मावा को खुले नालों में डालना सीधे तौर पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ है।

# खंड स्वास्थ्य समिति बैठक में आयुष्मान कार्ड वितरण को गति देने पर मंथन

**बीकानेर,** (कासं)। जिले की श्रीडूंगरगढ़ की खंड स्वास्थ्य समिति बैठक में आयुष्मान कार्ड वितरण तथा ई केवाईसी कार्य को गति देने पर विशेष रूप से मंथन किया गया।

उपखण्ड अधिकारी उमा मित्तल की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खण्ड स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन सभागार उपजिला चिकित्सालय, श्रीडूंगरगढ़ में किया गया। बैठक में जिला स्तर से जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ. नवल गुप्ता, जिला आशा समन्वयक रेणु बिस्सा, खण्ड स्तर से खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. बिहानी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राकेश थालौड़, बाबूलाल सारस्वत आदि उपस्थित थे।


श्रीडूंगरगढ़ में खंड स्वास्थ्य समिति की बैठक को उपखंड अधिकारी उमा मित्तल ने संबोधित किया।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी उमा मित्तल ने मुख्यत: प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत खण्ड श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लाभार्थियों की ई-केवाईसी करवाई जाकर आयुष्मान कार्ड वितरण किए जाने के निर्देश दिए। जिसके लिए माइक्रोप्लान तैयार कर शीघ्र शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने व अब तक बने हुए आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को वितरण करने के निर्देश दिए। डॉ. नवल गुप्ता ने नि:शुल्क दवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों पर नि:शुल्क दवा योजना के अंतर्गत समस्त प्रकार की दवाईयां पर्याप्त मात्रा में रखने व रोगियों को दी जाने वाली दवाईयों का शत-प्रतिशत इन्द्राज किए जाने के निर्देश दिए।

- **श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराकर आयुष्मान कार्ड वितरण किए जाने के निर्देश दिए**

इसके साथ ही डॉ. राजीव सोनी ने चिकित्सा सेवाओं के विशेष इंडिकेटर में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण की प्रगति रिपोर्ट ली और अधिकारी व कर्मचारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए। राकेश थालौड़ व बाबूलाल सारस्वत ने आगामी 30 जून 2024 को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो कार्यक्रम की कार्य योजना पर समीक्षा करते हुए खण्ड क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ में 0-5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए जाने हेतु निर्देशित किया।

# मथेरन चित्र कार्यशाला में विष्णु के चौबीस अवतारों का चित्रण

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान ललित कला अकादमी और कला संस्कृति विभाग की ओर से राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्था (आईएएसई) में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण मथेरन कला में मंगलवार को बच्चों ने मथेरी कला में भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों को अलग- अलग सरफेश पर चित्रित किया।

पंद्रह दिवसीय शिविर में मथेरी कला के प्रशिक्षक मूलचंद महात्मा, समन्वयक मोना सरदार डूडी, संयोजक कमल जोशी और सह संयोजक सुनील दत्त रंगा ने बीकानेरी बादल के साथ भगवान विष्णु के 24 अवतारों को पेपर प्लेट, मिट्टी की हांडी और पंखियों पर अलग-अलग अंदाज से चित्रित किया। नए पटल आधुनिक सरफेस के साथ मथेरी कला का नया रूपांतरण शिविर में देखने को मिला।

ललित कला अकादमी के सचिव और चित्रकार डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इस प्रकार के प्रयोग से बीकानेर की इस लुप्त हो रही कला को एक नया आयाम मिलेगा। इससे हमारी


मथेरन चित्र कार्यशाला में भगवान विष्णु के 24 अवतारों को पेपर प्लेट, मिट्टी की हांडी और पंखियों पर चित्रित किया।

संस्कृति और धरोहर से आने वाली पीढ़ी भी अवगत होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम राजस्थान के कई जिलों में भी चल रहे हैं। इसका उद्देश्य राजस्थान की पौराणिक और लुप्त हो रही कला और कलाकारों को बढ़ावा देना है, जिससे ये कलाएं पुन: अपना पौराणिक स्वरूप बरकरार रख सकें। इस प्रशिक्षण कर्यक्रम के दौरान इस लुप्त कला को अलग अलग परिवेश में बनाकर एक नवजीवन दिया जायेगा और बाजार में इसको नए रूप में उतारा जायेगा।

